क्रिकेट : मेटल जंक्शन बना विजेता

जमशेदपुर . स्कूल ऑफ क्रिकेट (सर्किट हाउस) में आयोजित एलियांस कप के फाइनल मुकाबले में मेटल जंक्शन ने जुस्को को 43 रन से हराकर खिताब जीत लिया. मेटल जंक्शन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 244 रन बनाये. जवाब में जुस्को की टीम 201 रन ही बना सकी. प्रतियोगिता का आयोजन टीएसपीडीएल के एमडी संदीपन चक्रवर्ती के सहयोग से किया गया था. वहीं पुरस्कार वितरण समारोह में जुस्को के एमडी आशीष माथुर, टीएमआइएलएल के एमडी आरएन मूर्ती मौजूद थे. मौके पर मौजूद टीएसपीडीएल के सीओ स्टीफन अब्राहम ने प्रतियोगिता की सराहना की. मौके पर जुस्को के जीएम ओमप्रकाश भी मौजूद थे.

एलायंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

शुक्रवार को सर्किट हाउस मैदान पर खिलाड़ियों से मिलते अतिथि।

जमशेदपुर। शुक्रवार को सर्किट हाउस मैदान में एलायंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट में कुल चार टीमें हिस्सा ले रही है।
टूर्नामेंट के उद्घाटन मौके पर जुस्को के चेयरमैन संदीपन चक्रवर्ती, एमडी आशीष माथुर, टाटा स्टील के डिप्टी वीपी पीयूष गुप्ता, टीएसपीडीएल के चीफ ऑपरेशंस अब्राहम स्टीफेंस, टीएमआइएलएल के अरिंदम, जुस्को के जीएम रितुराज सिन्हा और टीएसपीडीएल के जीएम ओमप्रकाश आदि मौजूद थे।
यह टूर्नामेंट लीग पद्धति पर आधारित है। फाइनल मैच 15 फरवरी को दिन के 12 बजे से खेला जाएगा।

अलियांस ट्रॉफी क्रिकेट शुरू

जमशेदपुर। जमशेदपुर स्कूल ऑफ क्रिकेट ग्राउंड में शुक्रवार को अलियांस ट्रॉफी का उद्घाटन संदीपन चक्रवर्ती (जुस्को के चेयरमैन) ने किया। इस प्रतियोगिता में चार कंपनियां जुस्को, टीएमआईएलएल, टीएसपीडीएल और एमजंक्शन की क्रिकेट टीमें भाग ले रही हैं। इस मौके पर जुस्को के एमडी आशीष माथुर, टाटा स्टील के डिप्टी वीपी स्टील पीयूष गुप्ता, टीएसपीडीएल के चीफ ऑपरेटिव ऑफिसर अब्राहम स्टीफैंस, टीएमआईएलएल के अरदिंम और जुस्को के जीएम रितुराज के साथ साथ ओमप्रकाश भी उपस्थित थे। फाइनल शनिवार को खेला जाएगा।

एलियांस ट्राफी क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

जमशेदपुर(का.प्र.): सोनारी स्थित जमशेदपुर स्कूल ऑफ क्रिकेट में आज एलियांस ट्राफी क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया. एलियांस ट्राफी 2014 का उद्घाटन जुस्को के चेयरमैन संदीपन चक्रवर्ती ने किया. आयोजन में जुस्को, टीएमआइएलएल, टीएसपीडीएल और एम. जनक्षन की टीमें हिस्सा ले रही है. उद्घाटन के मौके के टीम के खिलाड़ियों को संबाधित करते हुए संदीपन चक्रवर्ती ने कहा कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य कंपनी के कर्मचारियों को एक साझा मंच प्रदान करना है जिससे आपसी मेलजोल को बढ़ाया जा सके. ट्राफी के उद्घाटन के मौके पर मुख्य रूप से जुस्को के एमडी आशीष माथुर, डिप्टी वीपी टाटा स्टील पियूष गुप्ता, टीएसपीडीएल के सीओओ अब्राहम स्टेफानोस, टीएमआइएलएल के अरिंदम, ऋतुराज सिन्हा, टीएसपीडीएल के जीएम ओम प्रकाश समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

फाइनल में एम जंक्शन ने जुस्को को 43 रनों से हराया

शनिवार को सर्किट हाउस मैदान पर एलायंस क्रिकेट टूर्नामेंट की वि जेता और उपविजेता टीमें अतिथियों के साथ।

जमशेदपुर। सर्किट हाउस क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित दोदिवसीय प्रथम एलायंस कप क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में एम जंक्शन ने जुस्को को 43 रनों से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

एम जंक्शन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 244 रन बनाए। जवाब में जुस्को की टीम 201 रन ही बना पाई।

विजेता-उपविजेता टीम को जुस्को के एमडी आशीष माथुर, टीएमआइएलएल के एमडी आरएन मूर्ति और टीएसपीडीएल के एमडी संदीपन चक्रवर्ती ने पुरस्कृत किया। अंत में टीएसपीडीएल के जीएम (एचआर आइआर) पीके साहू ने धनयवाद ज्ञापन किया।